दिनांकः 13.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश में केन्द्र और राज्य सरकार की 25 स्कीमों को फ्लैगशिप कार्यक्रम घोषित कर दिया हैं इसके साथ ही अब इन स्कीमों की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय करेगां इन स्कीमों को लागू करने वाले विभागों को मासिक प्रगति रिपोर्ट देनी होगीं जिन स्कीमों को फ्लैगशिप स्कीम के दायरे में लाया गया है, इनमें जल जीवन मिशन, हरियालो राजस्थान अमृत योजना, पंच गौरव, नमो ड्रोन दीदी, कुसुम और लाडो योजना शामिल हैं

.......................................................................

कोटा से उज्जैन के लिए नई रेलसेवा की शुरूआत हो रही हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज रात कोटा रेलवे स्टेशन से इसका शुभारंभ करेंगें ये ट्रेन कोटा से दिल्ली, इंदौर और उज्जैन के बीच चलेगीं नई तकनीक से बने आधुनिक कोचों के साथ ये ट्रेन यात्रियों को आराम दायक सफर का अनुभव करवाएगीं

.......................................................................

जयपुर के जमवारामगढ़ क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गयीं दुर्घटना मनोहरपुर–दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग 148 पर नेकावाला टोल प्लाज़ा के पास कार और ट्रेलर की आमने–सामने की टक्कर से हुईं टक्कर इतनी जबरदस्त की थी कि ट्रेलर सड़क से नीचे उतर कर पलट गयां कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ीं पुलिस के अनुसार सभी मृतक उत्तर–प्रदेश के लखनऊ से एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं ये खाटूश्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थें इस दौरान हादसे का शिकार हो गयें

.......................................................................

बैसाखी का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं यह धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थीं बैसाखी से ही किसान फसलों की कटाई भी शुरू करते हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैसाखी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि ये पर्व सभी के जीवन में नई उम्मीदें, खुशियाँ और समृद्धि लेकर आता हैं

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी हैं बैसाखी के मौके पर गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजाए गए हैं और गुरबाणी का अखंड पाठ किया जा रहा हैं वहीं कई स्थानों पर अटूट लंगर भी चल रहा हैं हनुमानगढ़ के गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही हैं

.......................................................................

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां शहीदों की अदम्य भावना को हमेशा याद रखेंगीं श्री मोदी ने जलियांवाला बाग घटना को देश के इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण हैं

.......................................................................

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती कल हैं प्रदेश में आम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं बाडमेर में आज सशक्त राष्ट्र के निर्माण में बाबा साहेब के योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा हैं जैसलमेर के पोकरण में आम्बेडकर स्मारक स्थल पर स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव मनाया जाएगां भीलवाडा में भी बाबा साहेब के स्मारक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कियां पाली में दौड़ और संगोष्ठी का आयोजन किया गयां

.......................................................................

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु से होगां ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगां वहीं शाम साढ़े 7 बजे डेल्ही कैपिटल्स का सामना मुंबई इंडियंस से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगां

.......................................................................

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर आंधी और बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई हैं मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर स्थानों पर दिन का पारा 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआं हालांकि बाडमेर और चित्तौडगढ में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गयां विभाग के अनुसार अगले 4–5 दिन राज्य में मौसम शुष्क रहेगां वहीं तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना हैं

जैसलमेर, बाड़मेर और आस–पास के क्षेत्रों में कल से तापमान में बढ़ोतरी और 15 अप्रैल से हीटवेव के आसार हैं वहीं 16 अप्रैल को जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में लू चलने की आशंका हैं

.......................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगां आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगीं इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता हैं वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं

.......................................................................